# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, कार्तिक, शुक्ल पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: अक्टूबर -2025


## अखिल भारतीय
## प्रचार विभाग प्रशिक्षण वर्ग



राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा दिनांक 13 एवं 14 सितम्बर 2025 को श्रीमुक्तिनाथ वेद विद्याश्रम (संस्कृत गुरुकुल), श्रीमाता मनसादेवी परिसर, सेक्टर-4, पंचकूला, हरियाणा में दो दिवसीय "अखिल भारतीय प्रचार विभाग प्रशिक्षण वर्ग" आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री प्रदीप जी (सह प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), डॉ. राम कुमार जी (मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती) तथा आचार्य स्वामी प्रसाद मिश्र जी (संस्थापक एवं संचालक, संस्कृत गुरुकुल) उपस्थित रहे।






वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अ. भा. सेवा प्रमुख श्री पराग अभ्यंकर जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के अ. भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, अ.भा. प्रकाशन प्रमुख श्री मूलचंद सोनी जी एवं अ. भा. प्रचार प्रमुख श्री उदय सिंह जी ने मार्गदर्शन प्रदान किया।



इस प्रशिक्षण वर्ग में 26 प्रान्तों से आए 55 प्रतिभागियों सहित 3 विशेषज्ञ तथा राष्ट्रीय सेवा भारती व सेवा भारती पंजाब के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कुल 75 जनों की सहभागिता से यह वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

### सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ”




**प्रान्त: जोधपुर**

**जोधपुर प्रान्त** के सेवा भारती समिति के सेवा धाम छात्रावास में लक्ष्मी देवी मिलापचंद मुरकिया कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख श्री पराग अभ्यंकर जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती की महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी और मुरकिया परिवार उपस्थित रहे। वर्तमान में छात्रावास में 100 से अधिक छात्र और प्रतापनगर में 65 बालिकाएँ निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। साथ ही, कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक घंटे का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे डिजिटल युग में आत्मनिर्भर बन सकें।



**प्रान्त: अवध**

**अवध प्रान्त** में सेवा भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, सरसावा अर्जुनगंज में एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर एवं प्रान्त कार्यकारिणी बैठक का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती मंत्री श्री रमेन्द्र सिंह जी सहित प्रान्त के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के कार्य विस्तार एवं सेवा गतिविधियों को सशक्त बनाने पर सार्थक चर्चा हुई।




**प्रान्त: मध्यभारत**

सेवा भारती भोजपुर द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह महर्षि विद्या मंदिर, रतनपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। संस्कार केंद्रों के बच्चों ने दीप ज्योति मंत्र, स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी जी, विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा जी और अन्य अतिथियों ने सेवा भारती के शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संगठन की भूमिका को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक बताया। अंत में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का समापन भारत माता की आरती और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



**प्रान्त: दिल्ली**

**दिल्ली प्रान्त** में यमुना खादर क्षेत्र के लोगों के लिए दिल्ली सेवा भारती द्वारा मेडिकल वैन सेवा प्रदान की गई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।




**प्रान्त: दक्षिण बिहार**

**दक्षिण बिहार प्रान्त** में सेवा भारती बोधगया द्वारा "पितृपक्ष मेला महासंगम - 2025" के शुभ अवसर पर 15 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में श्रद्धालुओं और ज़रूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



**प्रान्त: पंजाब**

सेवा भारती गुरदासपुर द्वारा पंजाब उपप्रधान श्री नील कमल जी की अध्यक्षता में गांव तिब्बड़ में **मेगा मेडिकल कैंप** आयोजित किया गया, जिसमें **502 मरीजों** की जांच की गई। डॉ. अरविंद मनचंदा और डॉ. राजन अरोड़ा की टीमों ने **140 शुगर, 35 यूरिक एसिड, 30 लिपिड प्रोफाइल, 20+ HbA1C और 68 ईसीजी** टेस्ट किए। मरीजों को **5 दिन की निःशुल्क दवाइयाँ** भी दी गईं।

यह पहल सेवा भारती द्वारा समाज के स्वास्थ्य सुधार और जनजागरूकता की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रही।





**प्रान्त: उत्तराखंड**

**उत्तराखंड प्रान्त** में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व सेवा भारती द्वारा देहरादून की MDDA कॉलोनी में एक दिवसीय मेडिकल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें आपदा प्रभावित नागरिकों को निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाइयाँ प्रदान की गईं। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता और समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनी।



**प्रान्त: केरल**

**सेवा भारती शक्तन, भारतीय अभिभाषक परिषद त्रिशूर इकाई और आईएमए** के संयुक्त तत्वावधान में अयनथोल कोर्ट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता एम.वी. गोपालकृष्णन (अध्यक्ष, त्रिशूर बार एसोसिएशन) ने किया।

"**रक्तदान – सबसे अनमोल उपहार**" के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर में **34 लोगों** ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर आईएमए के डॉ. एस.एम. बालगोपालन, अधिवक्ता राजीवन और सेवा भारती शक्तन इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**प्रान्त: गुजरात**

सेवा भारती द्वारा GIDM केंद्र, गांधीनगर में 19–20 सितंबर 2025 को दो दिवसीय **आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण वर्ग** आयोजित किया गया, जिसमें **43 स्वयंसेवकों** ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में **श्री निसर्ग दवे, चिंतनभाई पाठक, किरीटभाई परमार, डॉ. सुरेश गामी, और अनिलसिंह चावड़ा** जैसे विशेषज्ञों ने आपदा जोखिम प्रबंधन, लचीलापन निर्माण, खोज-बचाव तकनीक, और अग्नि सुरक्षा पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया।

दूसरे दिन **जीवीके 108 ईएमआरआई के श्री संजीव पिपलिया** ने प्राथमिक उपचार पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जबकि **डीआईजीपी श्री दीपक मेघानी** ने नेतृत्व और सामुदायिक सहयोग पर प्रेरक सत्र लिया।

कार्यक्रम का समापन **श्री अश्विनभाई कडेचा** के प्रेरक उद्बोधन और प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ।

यह वर्ग सेवा, संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट समन्वय रहा।



**प्रान्त: हिमाचल**

**हिमाचल प्रदेश प्रान्त** के किन्नौर में आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु सेवा भारती किन्नौर द्वारा भंडारा सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा के माध्यम से अब तक 150 लोग भोजन प्राप्त कर लाभान्वित हो चुके हैं।



**प्रान्त: पंजाब**

**पंजाब प्रान्त** में बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सेवा भारती गुरदासपुर निरंतर राहत कार्य में जुटी है।

सेवा भारती कार्यकर्ताओं ने पंजाब उपप्रधान नील कमल जी के मार्गदर्शन में बहरामपुर, गाहलड़ी और आसपास के गांवों में 500 पैकेट दूध, रस्क और बिस्कुट वितरित किए।

रावी दरिया पार के क्षेत्रों में भी NDRF के सहयोग से राहत सामग्री पहुंचाई गई। इस सेवा अभियान की विशेषता रही कि कई ग्रामवासियों ने निःस्वार्थ भाव से कहा — "अब हमारी नहीं, अन्य जरूरतमंदों की मदद करें।"



**प्रान्त: मध्यभारत**

**वोकल फॉर लोकल — स्वदेशी पर गर्व।**

सेवा भारती, **मध्यभारत प्रान्त** के शिवपुरी छात्रावास के बालकों ने दीपावली पर अपनी मेहनत और सृजनशीलता से स्वदेशी लाइट्स बनाकर आत्मनिर्भरता का प्रेरक संदेश दिया।



**प्रान्त: उत्तराखंड**

आज सेवा भारती उत्तराखंड एवं आरएसएस देहरादून महानगर उत्तरी के रायपुर नगर के स्वयंसेवकों ने धनोल्टी व क्यारा ग्राम में **135 पैकेट** राहत सामग्री ज़रूरतमंद ग्रामीणों तक पहुँचाई।



**प्रान्त: मध्यभारत**

सेवा भारती मध्यभारत, जिला गुना द्वारा ग्राम उमरी में 1 सितंबर को संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस केंद्र में बच्चों को संस्कार, प्रार्थना और नैतिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विभाग संचालक श्री अशोक सिंह कुशवाह जी मुख्य अतिथि, श्री विनीत सेठ जी विशेष अतिथि और डॉ. रामवीर जी अध्यक्ष रहे। मुख्य वक्ता श्री तुलसीदास दुबे जी ने सेवा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला।



**प्रान्त: मेरठ**



**प्रान्त: छत्तीसगढ़**

सेवा भारती समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 13-14 सितंबर 2025 को वैभवश्री प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 19 जिलों से 129 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संगठन, सेवा और समाजकार्य के विभिन्न आयामों पर सार्थक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में नवऊर्जा और उद्देश्य के प्रति समर्पण का संचार हुआ।




**प्रान्त: केरल**

**केरल प्रान्त** की देसीय सेवा भारती की वार्षिक आम बैठक कोच्चि में संपन्न हुई। उद्घाटन प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. वी.पी. गंगाधरन जी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर नई कार्यकारी समितियों की घोषणा की गई तथा तीन पुस्तकों — सुकृतम्, सेवादर्शन और सेवा पर्व — का लोकार्पण किया गया।

सेवा भारती सहारनपुर महानगर (**मेरठ प्रान्त**) ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर 25 सितम्बर 2025 को कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 151 कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समाज के सहयोग से यह आयोजन प्रेरणादायी और सफल रहा।




# अखिल भारतीय छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 2025

**स्थान: बद्री पैलेस, जोधपुर | दिनांक: 18 - 21 सितंबर, 2025**



राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय वर्ग में देशभर के 11 क्षेत्रों और 33 प्रांतों से 100 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वर्ग का उद्देश्य छात्रावास कार्यकर्ताओं को समान दिशा, दृष्टि और कार्यपद्धति से सशक्त बनाना था।




उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अ. भा. सेवा प्रमुख श्री पराग अभ्यंकर जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के अ.भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी और अ.भा. छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव (दादा) जी. द्वारा "छात्रावास संचालन पुस्तिका 2025" का विमोचन किया।




श्री पराग जी ने कहा — "यह वर्ग केवल संचालन नहीं, सेवा से व्यक्ति निर्माण का अभियान है। "प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी चयन, अभिभावक की भूमिका, आर्थिक प्रबंधन, सामाजिक चेतना, और "पंच परिवर्तन" जैसे विषयों पर समूह चर्चा व मार्गदर्शन हुआ। नवाचार सत्रों में "डिजिटल साक्षरता", "पूर्व छात्र संपर्क" और "बाल संसद" जैसे विषयों ने वर्ग को वैचारिक गहराई दी। समापन सत्र में श्री विजय पुराणिक जी व श्रीमती रेणु पाठक जी की उपस्थिति में वर्ग पूर्ण हुआ।




यह प्रशिक्षण वर्ग सेवा भारती के छात्रावासों को समाज निर्माण की दिशा में और अधिक संगठित, जागरूक व प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ।




**प्रान्त: केरल**

सेवा भारती और जगुआर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से **कौशल विकास – उन्नति कौशल केंद्र** का शुभारंभ सरस्वती विद्यालय, कोझिनजम्पारा में हुआ। जगुआर फाउंडेशन के प्रमुख **श्री कंवर शमशेर** ने निःशुल्क व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और **जल कौशल प्रयोगशाला** का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में सेवा भारती के राज्य महासचिव **डॉ. श्रीराम शंकर** और जगुआर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने युवाओं के लिए **रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण** को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



**प्रान्त: पंजाब**

**पंजाब प्रान्त** में सेवा भारती द्वारा सामाजिक आयाम के अंतर्गत किशोरी विकास हेतु 6 व 7 सितंबर को दो दिवसीय वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ग में बालिकाओं को व्यक्तित्व विकास, संस्कार, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे उनका समग्र विकास हो सके।



**प्रान्त: उत्तराखंड**

सेवा भारती **उत्तराखंड प्रान्त**, जिला ऋषिकेश द्वारा शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख श्री सत्य प्रसाद बंगवाल जी ने प्रथम सत्र में मार्गदर्शन दिया, जबकि डॉ. हेतराम ममगाईं जी ने केंद्र संचालन, समय-सारणी और संघ की सोच को समाज तक पहुँचाने पर प्रेरक चर्चा की।




**प्रान्त: जोधपुर**

सेवा भारती समिति, जोधपुर द्वारा छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर 21 सितंबर 2025 को भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पिछले दो वर्षों में ₹51,000 से अधिक सहयोग देने वाले 113 भामाशाहों को चार श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 45 भामाशाह उपस्थित रहे, जबकि शेष को घर जाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जा रहे हैं। समारोह के पश्चात सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों ने आत्मीय सहभागिता की।

# "प्रान्तों में 'सुपोषित जागरूकता अभियान' के अंतर्गत 'सुपोषण जागरण सप्ताह' का आयोजन किया गया।"



प्रान्त: दक्षिण असम



प्रान्त: दिल्ली



प्रान्त: गोरक्ष



प्रान्त: गुजरात



प्रान्त: हिमाचल



प्रान्त: जयपुर



प्रान्त: जम्मू कश्मीर



प्रान्त: कर्नाटक उत्तर



प्रान्त: केरल



प्रान्त: मध्यभारत



प्रान्त: मालवा



प्रान्त: महाकोशल



प्रान्त: तेलंगाना



प्रान्त: उत्तर असम



प्रान्त: उत्तराखंड

राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

राष्ट्रीय सेवा भारती
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618, मोबाइल न. 09868245005